हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 16 मई 2024

11 सरकंडे से बना मैटिरियल करेगा इंडस्ट्रियल...



12 प्रशासन की ओर दिए वाहन में ईवीएम के ...



## खबर संक्षेप

### मंदिर में दान पेटी का ताला तोड़ नकदी चुराई

**लोहारू।** उपमंडल के गांव झुप्पा कलां के गोगाजी मंदिर के दान पात्र का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपयों की दान की राशि चोरी कर ले गया। मंदिर कमेटी के सदस्य धीरज ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति विगत दिवस मंदिर में रखे दान पात्र का ताला तोड़कर तीन हजार रुपये की दान की राशि चोरी कर ले गया। चोरी की यह घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। धीरज की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सुई से पानी की मोटर चोरी, मामला दर्ज

**बवानीखेड़ा।** सुई से पानी की मोटर चोरी होने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस में दिए ब्यान में बिहार निवासी राहुल कुमार शर्मा ने बताया कि उसने सुई में एकल ग्रामोत्थान संसाधन केन्द्र खोल रखा है जिसमें वह प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत है। सेंटर में पानी की सप्लाई के लिए मोटर लगी हुई थी जो 30 अप्रैल को चोरी हो गई

### बेटी के नाम पर फिरोती मांगने पर मामला दर्ज

**बवानीखेड़ा।** ऑनलाइन फ्राड के मामलों से हर कोई परेशान नजर आता है और ऐसे मामलों में आए दिन बढ़ोतरी हो रही है। ऐसा ही एक मामला मिलकपुर में सामने आया जिसमें नरसिंह ने बताया कि उसके पास वीरवार को उसके फोन पर व्हटशएप कॉल आई और बताया कि आपकी लड़की के फोन को लेकर किसी सहपाठी ने फिरोती मांगी है। इसकी एवज में उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस बात को लेकर वह डर गया और उसने 60 हजार की राशि जमा करवा दी।

# पानी की मांग को लेकर रोड पर उतरे लोग, लगाया जाम

## जिला प्रशासन के आश्वासन पर प्रदर्शनकारियों ने खोला रास्ता





**भिवानी।** पानी की सप्लाई की मांग को लेकर महिलाओं को आश्वासन देतें अधिकारी और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते आर ओ प्लांट संचालक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पीने के पानी की सप्लाई नियमित कराए जाने की मांग को लेकर फ्रेंड्स कॉलोनी के लोगों ने रोड जाम कर दिया। जिला प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम खोला। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी पीने के पानी की समस्या का निदान नहीं हुआ तो वे रोड पर उतरने को मजबूर होंगे। पानी की सप्लाई अनियमित होने की वजह से फ्रेडस कॉलोनी के लोग हांसी भिवानी रोड पर उतर आए। लोगों ने लकड़ी व पत्थर लगाकर वाहनों को रोकना आरंभ कर दिया। जाम लगते ही मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी.लंबी कतारे लग गई। जाम की सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस व पब्लिक हेल्थ के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों से पीने के पानी की सप्लाई नियमित कराए जाने का आश्वासन दिया,लेकिन प्रदर्शनकारी मौके पर पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों के आने की बात पर अड़ गए। पुलिस की सूचना के बाद पब्लिक हेल्थ के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों के घरों तक पर्याप्त पानी की सप्लाई पहुंचाने का आश्वासन दिया। तब जाकर प्रदर्शनकारी जाम खोलने को राजी हुए। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उनके इलाके में पिछले कई दिनों से पीने के पानी की सप्लाई नियमित नहीं आ रही है। जिसके चलते उनके समक्ष पीने के पानी की भयंकर किल्लत बनी है। इस बारे में कई बार विभाग के अधिकारियों से शिकायत की,लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। पानी की कमी की वजह से उनको भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है।

### आरओ प्लांट संचालकों की वजह से बढ़ी ज्यादा परेशानी

जिला प्रशासन द्वारा आरओ प्लांट संचालकों को नोटिस जारी करने के विरोध में आरओ प्लाट संचालक हड़ताल पर चले गए थे। दो दिनों से पानी की सप्लाई नहीं की। जिसकी वजह से पूरे शहर ही नहीं जिले में पीने के पानी का घोर संकट बना। लोगों को पीने के पानी के लिए हैंडपम्पों का सहारा लेना पड़ा। लोगों को पीने के पानी के लिए दो से तीन घंटे तक का समय बर्बाद करना पड़ा। यह स्थिति बुधवार देर शाम तक बनी रही। इसी का असर फ्रेंडस कॉलोनी में भी देखने को मिला। वहां पर पानी के कैम्पर की सप्लाई न जाने की वजह से पानी का घोर संकट बन गया। जिसकी वजह से महिलाओं को रोड पर उतरना पड़ा।

### तहसीलदार के आश्वासन के बाद संचालकों ने ली हड़ताल वापस

दो दिनों से आर ओ संचालक हड़ताल पर थे और वे नेहरू पार्क में धरने पर बैठ गए। सूचना के बाद बुधवार को तहसीलदार नेहरू पार्क में पहुंचे और धरने पर बैठे आरओ प्लांट संचालकों को उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का आश्वासन दिलाया। तब तक जाकर आर ओ प्लांट संचालक हड़ताल को वापस लेने पर राजी हुए। उन्होंने बताया कि विगत में उनको नोटिस जारी किए गए थे। साथ ही उनके प्लांटों को सील करने की भी चेतावनी दी गई थी। उन्होंने बताया कि वे केवल भूमिगत पानी निकालते है और वे पानी व्यर्थ नहीं बहाते,जबकि सर्विस सेंटर गाड़ियों को धोने में पानी बहा देते है।

# मरीजों की जान बचाने को आगे आए छह रक्तदाता

■ रक्त की कमी न हो इसलिए युवा रक्तदाता ज्यादा से ज्याद करें रक्तदान : डुडेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर और गावों में गर्मी तेजी से पैर पसार रही है, इसी के साथ साथ दिन प्रतिदिन रक्त की मांग बढ़ती जा रही है। रक्त का निर्माण फैक्ट्री में नहीं हो सकता, रक्तदान से ही रक्त की पूर्ति हो सकती है, इसलिए रक्तदान जरूरी करें।

मंगलवार को भिवानी में तीन निजी अस्पतालों में रेयर ब्लड एबी नेगेटिव व ए और बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत पड़ने पर रक्तदाता सुनील सांगवान, राजेश, रमेश, सोनू, कर्मबीर सिंह, भूपेंद्र सिंह एबी नेगेटिव ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने रक्तवीरों का आभार जताया और कहा कि रक्तदान महादान है, हमें समय समय पर रक्तदान करना चाहिए और अगर हमारे रक्त की कुछ बूंदों के कारण किसी की जिंदगी बच जाती हैं तो हमारे लिए बड़ा ही सौभाग्य है। उन्होंने शहरवासियों से अनुरोध किया कि गर्मी ज्यादा होने की वजह से रक्त की डिमांड बढ़ गई है, इसलिए युवा ब्लड बैंकों में जाकर रक्तदान करें। इस अवसर पर डॉ. मनदीप पंघाल लेब टेक्नीशियन, राहुल तंवर, योगेश जांगड़ा आदि उपस्थित थे।



**भिवानी।** रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भेंट करते शतकवीर रक्तदाता राजेश डूडेजा।

### रास्ते में गेहूं चोरी करने के 4 आरोपितों को किया गिरफ्तार

■ आरोपियों से 10 कट्टे गेहूं 3000 रुपये और चोरी की वारदात में प्रयोग किया गया टेंपो बरामद

**भिवानी।** लाल निवासी कलिंगा ने थाना सदर पुलिस भिवानी को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि खरक कला मंडी में अनाज खरीदने का काम करते हैं वही खरीदने हुए अनाज का उठान ट्रैकों के द्वारा किया जाता है। जो 13 मई को आरोपियों के द्वारा होटल खरक कला में रास्ते में ट्रक से अनाज चोरी करके टेंपो में ले जाते हैं। जो इस शिकायत पर पुलिस ने अभियोग थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था। थाना सदर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी खरक कला के मुख्य सिपाही सुशील कुमार ने ट्रक से अनाज चोरी करने के मामले में चार आरोपियों को अनाज मंडी खरक कला से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुशील निवासी आजाद नगर भिवानी, मुकेश निवासी हालुवास गेट भिवानी, सुनील पुत्र घनश्याम निवासी हनुमान ढाणी भिवानी व प्रवीण पुत्र महासिंह निवासी संजरवास के रूप में हुई है। जांच इकाई के द्वारा आरोपियों से ट्रक से चोरी किए गए 10 कट्टे गेहूं 3000 रुपये और चोरी की वारदात में प्रयोग किया गया एक टेंपो को बरामद किया गया है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जिला जेल में लगाई लोक अदालत

■ जेल लोक अदालत में सीजेएम ने मौके पर ही रिहा किया तीन मुलजिमों को

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सीजेएम कपिल राठी ने बुधवार को जिला कारागार में लोक अदालत आयोजन किया। अदालत में एक केस को सुना गया और उसका फैसला करते हुए मौके पर ही तीन मुलजिमो को रिहा करने के आदेश जारी किए। सीजेएम राठी ने कहा कि लोक अदालत को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य कैदियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देना है। जेल लोक अदालत में केसों का मौके पर ही निपटारा किया जाता है। लोक अदालत उपरांत सीजेएम राठी ने जिला कारागार का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कैदियों.हवालातियों के केसों में आ रही मुश्किलों को सुना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधी अधिकारी को जरूरी निर्देश दिए। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राठी ने जेल की बैरकों व जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक और जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। अस्पताल में दवाइयों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।






फिटनेस फंडा / करण मेहरा

# डेली वर्कआउट के लिए टाइम मैनेज करता हूं

इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'मेहंदी वाला घर' में मनोज अग्रवाल के किरदार में एक्टर करण मेहरा नजर आ रहे हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन करने के लिए वे क्या कुछ एफर्ट्स करते हैं, जानिए उन्हीं की जुबानी।



करण मेहरा टीवी इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर्स में शामिल हैं। वे अच्छे एक्टर होने के साथ अपनी फिटनेस को लेकर भी कॉन्शस रहते हैं। यहां **हरिभूमि** से अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं करण मेहरा।

## फिटनेस आइडियल

वैसे तो मेरा कोई फिटनेस आइडियल नहीं है। लेकिन फिल्म स्टार रितिक रोशन को मैं लाइक करता हूं क्योंकि वे बहुत फिटनेस फ्रीक हैं। उन्होंने अपनी बॉडी को अच्छा मेंटेन कर रखा है। उनकी बॉडी फिटनेस को आइडियल बॉडी कहा जा सकता है। उनसे मैं इंस्पायर होता हूं।

## डाइट प्लान

हेल्दी रहने के लिए मेरा कोई खास डाइट प्लान नहीं है। मैं हेल्दी फूड्स लेने में बिलीव करता हूं। दिन भर कुछ खाते रहने के बजाय मैं सिर्फ दो बार हेल्दी और न्यूट्रिशस फूड्स खाता हूं-लंच एंड डिनर। कुछ लोग अपने लिए स्पेशल टाइप के डाइट प्लांस बनाते और उसे फॉलो करते हैं, लेकिन मैंने ऐसा कभी नहीं किया।

## वर्कआउट रूटीन

मैं कोई पर्टिकुलर वर्कआउट नहीं करता हूं। मेरा मानना है कि जब आप किसी भी तरह की एक्सरसाइज या वर्कआउट डेली करते हैं तो यह बॉडी के लिए बहुत ही अच्छा होता है। वर्कआउट के लिए मैं डेली सुबह सात बजे तक जिम पहुंच जाता हूं। निश्चित समय तक एक्सरसाइज करने के साथ रूटीन वर्क के बाद नौ बजे तक शूटिंग के लिए सेट पर पहुंच जाता हूं।

## करता हूं टाइम मैनेजमेंट

यह सही है कि मेरा शेड्यूल बहुत बिजी रहता है, ऐसे में एक्सरसाइज के लिए टाइम निकालना टफ होता है, लेकिन ऐसा करना जरूरी है। इसलिए मुझे टाइम मैनेज करना ही पड़ता है। अगर शूटिंग के लिए सुबह नौ बजे की शिफ्ट हो तो सुबह सात बजे जिम जाकर वर्कआउट करता हूं। अगर शूटिंग की शिफ्ट किसी दिन सुबह सात बजे ही होती है तो मैं शाम को वर्कआउट के लिए जाता हूं। यानी किसी भी तरह से वर्कआउट के लिए मैं टाइम मैनेज करता हूं।

## रीडर्स को मैसेज

मेरा मानना है कि हर किसी को अपनी बॉडी और इसकी स्ट्रेंथ के बारे में पता होता है। इसलिए कोई एक ही फंडा सभी पर लागू नहीं हो सकता है। मैं तो यही सलाह दूंगा कि अपनी शारीरिक क्षमता और पसंद के हिसाब से वर्कआउट करें। वर्कआउट और डाइट के बीच बैलेंस बनाना जरूरी है। इससे हम हेल्दी और फिट रह सकते हैं।

## ऐसे रहता हूं मेंटली हेल्दी

हैप्पी लाइफ के लिए फिजिकल हेल्थ के साथ मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना भी बहुत जरूरी है। मेंटली हेल्दी रहने के लिए मैं हमेशा खुश रहने की कोशिश करता हूं। आजकल की लाइफ में इतनी भाग-दौड़ और तनाव बढ़ता जा रहा है कि लोगों का खुश रहना बहुत मुश्किल हो गया है। जबकि मेंटली हेल्दी रहने के लिए खुश रहना सबसे जरूरी है। इसलिए मैं खुश रहने का प्रयास करता हूं। *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क

डॉक्टर्स एडवाइस

स्पेशलः वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे, 17 मई

आज के दौर में हाई बीपी को लोग कॉमन हेल्थ प्रॉब्लम मानने लगे हैं। लेकिन इसे लेकर लापरवाही बरतना सही नहीं है, क्योंकि इसकी वजह से आप कई अन्य खतरनाक बीमारियों से ग्रस्त हो सकते हैं। हम आपको यहां विस्तार से बता रहे हैं कि हाई ब्लड प्रेशर किस तरह की समस्याएं बढ़ाता है और किस तरह से आपको इससे बचना चाहिए?

# लाइफस्टाइल-डाइट सुधारकर कंट्रोल कर सकते हैं हाइपरटेंशन





आज वैश्विक स्तर पर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या गंभीर रूप से कई लोगों को प्रभावित कर रही है। पहले के समय में यह समस्या उम्र बढ़ने के साथ होती थी लेकिन वर्तमान समय में बहुत से युवा भी इस समस्या की चपेट में आ रहे हैं। हाई ब्लड प्रेशर से होने वाले खतरों के बारे में लोग सतर्क रहें और बचाव के लिए जागरूक रहें, इसी उद्देश्य से हर साल 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे मनाया जाता है। इस बारे में जानना सभी के लिए जरूरी है।

## बढ़ता है कई बीमारियों का रिस्क

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर डायरेक्टर एंड प्रोग्राम हेड- कार्डियक साइंसेज, **डॉ. हेमंत मदान** के अनुसार, 'सामान्य रूप से एक स्वस्थ व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 120/80 होता है। हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति में व्यक्ति का ब्लड प्रेशर इस नॉर्मल वैल्यू के ऊपर पहुंच जाता है। ऐसे में शरीर की धमनियों में रक्त का दबाव अधिक बढ़ जाता है। अकसर दिनभर में रक्त चाप कई बार बढ़ता और कम होता रहता है, लेकिन अगर हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति लंबे समय तक रहती है तो यह सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है और इसके कई दुष्प्रभाव सामने आ सकते हैं। इस समस्या के कारण हार्ट डिजीजेज, हार्ट फेलियर और स्ट्रोक जैसी अनेक बीमारियां होने का खतरा रहता है।'

## हाई ब्लड प्रेशर के कारण

हाई ब्लड प्रेशर के कारणों के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में इंटरवेंशनल, क्लिनिकल, क्रिटिकल कार्डियोलॉजी एंड इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट **डॉ. अविनाश बंसल** बताते हैं, 'ज्यादातर हाई ब्लड प्रेशर के मामलों में कोई एक कारण जिम्मेदार नहीं होता है। अनियमित जीवनशैली, खराब खान-पान, आनुवांशिक कारण और प्रदूषण से जुड़े हुए कारण जब सामूहिक रूप से लंबे समय तक किसी व्यक्ति को प्रभावित करते हैं, तो हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ने लगती है। शारीरिक गतिविधि की कमी, जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन, अनियमित लाइफस्टाइल, अधिक सिगरेट और शराब का सेवन व्यक्ति को हाइपरटेंशन का शिकार बना देता है। इसके अलावा तनाव भी मुख्य रूप से हाई ब्लड प्रेशर के लिए जिम्मेदार होता है क्योंकि अधिक तनाव के कारण ऐसे हार्मोंस निकलते हैं, जो रक्त वाहिकाओं पर दबाव डालते हैं और ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। ऐसे में इन कारणों को समझ कर लाइफस्टाइल में आवश्यक परिवर्तन करना जरूरी है।'



## हाई ब्लड प्रेशर के प्रमुख लक्षण

हाई ब्लड प्रेशर के लक्षणों के बारे में नारायणा हॉस्पिटल और आरएन टैगोर हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियक सर्जरी **डॉ. ललित कपूर** डिटेल में बताते हैं, 'हाई ब्लड प्रेशर को एक तरह से साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है। अकसर ऐसा देखा गया है कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीज में लक्षण या किसी भी तरह के संकेत जल्दी देखने को नहीं मिलते हैं, लेकिन इसके कुछ सामान्य लक्षण हैं, जिनका पता लगने के बाद आप ब्लड प्रेशर की जांच करा सकते हैं। इन लक्षणों में चक्कर आना, सांस लेने में मुश्किल होना, थकान, नाक से खून आना, अकसर सिर दर्द रहना, नजर में परिवर्तन आना, सीने में दर्द महसूस होना और यूरिन के साथ ब्लड आना जैसे लक्षण शामिल हैं। ऐसे लक्षणों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। भूलकर भी ऐसे लक्षणों के प्रति लापरवाही ना बरतें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करके आवश्यक जांच कराएं।'

## हाई बीपी से बचाव के उपाय

हाई बीपी से बचाव के उपायों के बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी **डॉ. समीर कुब्बा** बताते हैं, 'लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति शरीर में कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकती हैं, इसलिए बचाव के तौर पर आपको कुछ सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सबसे पहले तो आप नमक का सेवन सीमित करें, शराब का सेवन और धूम्रपान बिल्कुल भी ना करें, अपने तनाव को कम करने के लिए व्यायाम और योग को प्राथमिकता दें, फास्ट फूड के सेवन से बचें, सिर्फ पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें। चाय और कॉफी का सेवन भी कम करें। इसके अलावा नियमित रूप से अपने ब्लड प्रेशर की जांच कराते रहें और डॉक्टर के संपर्क में बने रहें।' *

### नॉर्मल बीपी और हाई बीपी में क्या होता है अंतर

अमेरिका की ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी में वेकस्नर मेडिकल सेंटर में कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. जिम ल्यू कहते हैं, 'ब्लड प्रेशर वह फोर्स है, जिसका प्रयोग हमारा ब्लड आर्टिरीज वॉल्स में प्रवेश के लिए करता है। हमारा हार्ट ब्लड पंप करता है तो यह ऑक्सीजन से युक्त रक्त को हमारी आर्टिरीज में धकेलने के लिए बल का प्रयोग करता है। यहीं से यह हमारी विभिन्न कोशिकाओं और ऊतकों तक पहुंचता है। यह काम दिन भर होता रहता है और प्रति मिनट 60 से 100 बार तक होता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन और अमेरिकन कॉलेज आफ कार्डियोलॉजी ने सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 बताया है। यू एस सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन ने 130 /80 या इससे ज्यादा बीपी को हाई बीपी बताया है।

-अंजू जैन

### हाई बीपी को लेकर कई लोग करते हैं लापरवाही



**हाई ब्लड प्रेशर** के खतरे के बारे में लोग आज भी जागरूक नहीं हैं, जिस कारण अधिकांश लोग आज भी आसानी से इसकी चपेट में आ जाते हैं। आईसीएमआर के राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा कराए गए एक नए अध्ययन में पता चलता है कि भारत में 18 से 54 साल के उम्र वाले 30 प्रतिशत लोगों ने कभी अपना ब्लड प्रेशर नहीं नपवाया है। यह अध्ययन हाल ही में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित हुआ है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, हाई ब्लड प्रेशर का मतलब है कि नसों में खून का फ्लो तेज होना। डॉक्टरों का कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर दिल का दौरा, ब्रेन स्ट्रोक और लंबे समय में किडनी खराब होने जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि देश में प्री-हाइपरटेंशन यानी शुरुआती हाई ब्लड प्रेशर की दर भी विभिन्न जिलों में 34 प्रतिशत तक है। प्री-हाइपरटेंशन वह अवस्था है, जहां ब्लड प्रेशर सामान्य से थोड़ा अधिक होता है, लेकिन हाई ब्लड प्रेशर की श्रेणी में अभी नहीं आता। इस अध्ययन में शामिल डॉक्टरों का कहना है कि अध्ययन इस बात की ओर इशारा करता है कि भारत में लोगों को अपने सेहत के प्रति जागरुकता बढ़ाने की जरूरत है। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच करवाना बहुत जरूरी है। खासकर 40 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए।

-अजेश कुमार

डिजीज

**डॉ. अरु हांडा**
सीनियर कंसल्टेंट-ईएनटी डिपार्टमेंट
मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम

अगर आपकी नाक अकसर बंद महसूस होती है और आपको सांस लेने में परेशानी होती है तो सचेत हो जाएं। यह साइनस का लक्षण हो सकता है। क्यों होता ऐसा और इससे कैसे करें बचाव, जानिए।

# ईजिली हो सकता है साइनस ट्रीटमेंट




जब नाक बंद होने के कारण रात को ठीक से नींद ना आए तो ऐसी शारीरिक दशा को साइनोसाइटिस या साइनस कहते हैं। पहले सह समझना जरूरी है कि आखिर यह रोग होता क्या है?

**क्या है साइनस :** सिर के स्कैल्प की हड्डियों में असंख्य बारीक छिद्र होते हैं, जिनके माध्यम से ब्रेन तक ऑक्सीजन पहुंचती है। सर्दी-जुकाम होने की स्थिति में इन छिद्रों में कफ भर जाता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ के साथ सिर में बहुत भारीपन महसूस होता है। आमतौर पर सर्दी-जुकाम को ठीक होने में तीन से चार दिन लग जाते हैं, लेकिन कुछ लोगों को जुकाम बहुत कम होता है, एक या दो दिनों के बाद ही रनिंग नोज की समस्या दूर हो जाती है, इससे नाक से गंदगी बाहर नहीं निकल पाती। कुछ समय के बाद यही कफ साइनस का रूप धारण कर लेता है। इसीलिए सर्दी-जुकाम होते ही उसे दवा लेकर रोकने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि इससे साइनस हो सकता है।

**साइनस के प्रकार :** लक्षणों की तीव्रता के आधार पर साइनस को विभिन्न रूपों में बांटा जा सकता है।

**एक्यूट :** इसमें नाक से पानी गिरना या अचानक नाक बंद हो जाना दोनों ही स्थितियां हो सकती हैं। कई बार यह समस्या महीनों तक बनी रहती है। बैक्टीरियल इंफेक्शन इसकी प्रमुख वजह है। यह संक्रमण लोगों की सांस की नली के ऊपरी हिस्से में होता है, इसे दूर करने के लिए एंटीबायोटिक्स, पेन किलर और नेजल ड्रॉप लेने की जरूरत पड़ती है। अधिक मात्रा में पानी पीना और स्टीम लेना भी इस समस्या से बचाव में मददगार होता है।

**सब एक्यूट साइनस :** इसके लक्षण भी एक्यूट जैसे ही होते हैं, लेकिन महीने भर में यह समस्या आसानी से दूर हो जाती है।

**रीक्यूरेंट :** जिन्हें पहले से अस्थमा या एलर्जी की समस्या हो, उसके साथ ही अगर उनमें बंद नाक जैसे लक्षण नजर आएं तो इसे रीक्यूरेंट साइनस कहा जाता है।

**क्रॉनिक :** जब यह समस्या वर्षों तक ठीक नहीं होती और इसकी वजह से अगर किसी को नाक में जलन, दर्द और सूजन जैसी परेशानियां होती हैं तो ऐसी दशा को क्रॉनिक साइनोसाइटिस कहा जाता है। इसकी वजह से सिर में दर्द और व्यवहार में चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**प्रमुख लक्षण :** सिर और आंखों में तेज दर्द, आवाज में भारीपन, हल्का बुखार और बेचैनी, जबड़े, गालों और दांतों में दर्द, सूंघने की क्षमता प्रभावित होना, भोजन में अरुचि और कभी-कभी नाक से पानी गिरना और छींकें आना।

**क्या है वजह :** कुछ लोगों की नाक की हड्डी का आकार अपने आप बढ़ जाता है, जिससे यह समस्या हो सकती है। चेहरे या नाक पर गंभीर चोट लगने से ऐसा हो सकता है। जो लोग किसी खास तरह की एलर्जी के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें भी यह बीमारी हो सकती है। प्रदूषण भरे वातावरण में रहने या अधिक मात्रा में सिगरेट पीने वाले लोगों को भी ऐसी समस्या हो सकती है।

**रखें ध्यान :** अपने कमरों के कार्पेट, गद्दों, तकिए आदि की सफाई का विशेष ध्यान रखें, उनमें जमा होने वाले धूलकणों से एलर्जी हो सकती है, अगरबत्ती, परफ्यूम जैसी तेज गंध वाली चीजों से दूर रहें, घर में क्रॉस वेंटिलेशन की व्यवस्था होनी चाहिए। अगर एसी वाले कमरे से बाहर निकलकर तेज धूप में जाना हो तो आधा घंटे पहले एसी बंद कर दें। जिन्हें वायरल इंफेक्शन हो, उनसे दूर रहने की कोशिश करें, स्टीम लेना भी फायदेमंद साबित होता है। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगे तो आपके लिए साइनस से बचाव आसान हो जाएगा। *


प्रस्तुतिःविनीता

प्रिकॉशन

**शिखर चंद जैन**

तपती गर्मी के मौसम में धूप में ज्यादा समय रहने से हीट वेव या लू लगने का रिस्क रहता है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार ना किया जाए तो पेशेंट की कंडीशन बिगड़ सकती है। इस बारे में आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

# हीट वेव से रहें सावधान

इन दिनों देश के कई राज्यों में हीट वेव यानी लू चल रही है। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों में तापमान और भी बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहना चाहिए, वरना तमाम बीमारियों और यहां तक कि डेथ का भी जोखिम हो सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 1998-2017 तक लू के कारण दुनियाभर में 1,66,000 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। प्रदूषण, जंगलों की कटाई, जलवायु परिवर्तन और अन्य कई कारणों से हीट वेव का खतरा लगातार बढ़ रहा है। हीट वेव की वजह से बुजुर्गों, छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा रिस्क होता है।

**क्या है हीट वेव :** जब तापमान 40 डिग्री के पार कर जाता है और गर्म हवाएं चलने लग जाती हैं, तो इसको हीट वेव यानी लू कहते हैं। इतने तापमान में लगातार कई घंटों तक धूप में रहने से व्यक्ति लू की चपेट में आ सकता है। आमतौर पर 40 डिग्री से अधिक तापमान में तीन से चार घंटे लगातार रहने के बाद शरीर में हीट वेव का असर दिखना शुरू हो जाता है।

**किडनी-हार्ट पर पड़ता है असरः** अधिक गर्मी की वजह से पसीना ज्यादा निकलता है और शरीर डिहाइड्रेट होने लगता है। अगर इस दौरान कोई व्यक्ति पानी नहीं पीता है तो शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इससे किडनी के फंक्शन पर असर पड़ने लग जाता है और किडनी फेल भी हो सकती है। इसी प्रकार हार्ट को भी जरूरत से ज्यादा काम करना पड़ता है, रक्त गाढ़ा हो जाता है और धमनियां कड़ी हो जाती हैं तो इससे हार्ट फेल्योर हो सकता है।

**लू लगने के लक्षण :** हीट वेव यानी लू की चपेट में आने से अचानक तेज सिर दर्द होना, पसीना बहुत ज्यादा आना या बिल्कुल न आना, चक्कर आना, उल्टी, मांसपेशियों में दर्द आदि लक्षण दिखाई देते हैं। ब्लडप्रेशर लो हो जाता है, महत्वपूर्ण अंग (विशेषतः ब्रेन) तक ब्लड सप्लाई रुक जाती है। इस स्थिति में व्यक्ति कोमा में जा सकता है और उसके शरीर के एक-एक अंग कुछ ही क्षणों में काम करना बंद कर देते हैं और उस व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।

**क्या करें :** गर्मी के मौसम में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। लगातार थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहना चाहिए, कम से कम 3-4 लीटर पानी जरूर पिएं। जहां तक संभव हो, ब्लड प्रेशर पर नजर रखें। ठंडे पानी से नहाएं। फल और सब्जियों को भोजन मे ज्यादा स्थान दें। *

**(जनरल फिजिशियन डॉ. विकास अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)**

घरेलू औषधि

# गर्मियों में लाभकारी सत्तू का सेवन

गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही लोग इससे बचाव के सभी संभव उपाय करने लगते हैं। कुछ लोग कोल्ड ड्रिंक भी पीते हैं। हालांकि इससे कुछ ठंडक तो महसूस होती है लेकिन इसका शरीर पर दुष्प्रभाव भी पड़ता है। कुल्फी, नारियल पानी, शिकंजी, गन्ने का रस की मांग भी बढ़ जाती हैं। इनके अतिरिक्त गर्मियों में स्वास्थ्य के लिए अत्यंत फायदेमंद खाद्य पदार्थ सत्तू भी है। इसे भुने हुए जौ और चने को पीसकर बनाया जाता है। इसे खाया भी जा सकता है या शीतल पेय के रूप में पिया भी जा सकता है। सत्तू में बहुत सारे खनिज मौजूद होते हैं। इनमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और पोटैशियम आदि प्रमुख हैं। इसके सेवन के तरीके भी अलग-अलग हैं। कोई कालीमिर्च और नमक मिलाकर आटे की तरह गूंथ (गूंद कर) प्याज के साथ या पानी में घोलकर नीबू का रस मिलाकर और कुछ लोग तो इसमें घी और शक्कर मिलाकर खाते हैं। गर्मी में कैसे भी खाएं, सत्तू लाभ ही करेगा।



**कई तरह से फायदेमंदः** इस मौसम में तेज गर्म हवाएं, झुलसाने वाली धूप शरीर को हानि पहुंचाती है। इसके फलस्वरूप त्वचा झुलस जाती है। बाल एकदम रूखे और बेजान हो जाते हैं। साथ ही पाचन भी गड़बड़ हो जाता है। चक्कर आने लगते हैं, दस्त, उल्टी के साथ बुखार, सिर दर्द भी होने लगता है। ऐसी दशा में सत्तू संजीवनी का काम करता है। धूप में घर से बाहर निकलने से पहले सत्तू का सेवन अनेक परेशानियों से बचाता है। यह लू से तो बचाता ही है, साथ ही (डायबिटीज) मधुमेह और (ब्लडप्रेशर) रक्तचाप को भी नियंत्रित करता है। इसमें मिलने वाले आयरन की मात्रा चेहरे की झुर्रियों को कम करने के साथ-साथ बालों का रूखापन हटाकर इसे झड़ने से रोकने में मददगार है। गर्भावस्था और मासिक धर्म के समय महिलाओं में पोषक तत्वों की पूर्ति करने में भी सत्तू का सेवन सक्षम है। यह वजन भी घटाता है।

**ऐसे करें सेवनः** लू लगने से बीमार व्यक्ति को सत्तू के घोल में जरा सा नमक और नीबू मिलाकर दिया जाए तो तुरंत ऊर्जा प्रदान कर शरीर को हाइड्रेट करने में मददगार होता है। इसमें मिलने वाला फाइबर पेट को साफ करता है और पाचन में सहायक है। कब्ज से परेशान लोगों के लिए तो यह रामबाण है। अपचन के लिए यह असरकारी होता है। *

**-वैद्य हरि कृष्ण पांडे 'हरीश'**

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### नैतिक मूल्यों को अपनाकर बनें समृद्ध : सांगवान

**चरखी दादरी।** अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर समस्त समाज को अपने परिवार के दायित्वों का हर संभव निर्वहन का आह्वान करते हुए क्षेत्र के प्रमुख शिक्षाविद व आर्यन



कोचिंग सेंटर संचालक मास्टर रविंद्र सांगवान ने कहा कि एक बड़े, एकजुट परिवार का विचार सदियों से भारतीय सामाजिक संरचना का हिस्सा रहा है। आज भी, बहुत से लोग दादा-दादी और दूर के चचेरे भाई-बहनों के साथ उतने ही करीब हैं जितने कि वे अपने माता-पिता और भाई-बहनों के साथ हैं।

### चुनाव प्रकिया से संबंधित कार्यशाला का आयोजन

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार पंचायत भवन में भिवानी विधानसभा क्षेत्र के पीठासीन व सहायक पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों की चुनाव प्रक्रिया से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को एसडीओ प्रवीण बजाज ने चुनाव शुरू होने से लेकर संपन्न होने तक की सभी प्रक्रियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि कार्य में दक्षता से सभी काम सरल हो जाते हैं, इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी लग्न के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें।

### घर-घर जाकर दी जा रही है वोटर स्लिप

**भिवानी।** भारत एवं हरियाणा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में लोकसभा चुनाव में 25 मई को मतदान करने के लिए 15 से 20 मई तक बीएलओ द्वारा घर.घर जाकर वोटर स्लिप, मतदाता गाइड व आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है।

### बीपीएचओ का स्थापना दिवस 29 मई को : रमेश

**भिवानी।** भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन ;बीपीएचओद्ध का 11वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। स्थापना दिवस 29 मई को राजस्थान लाडनू मे आयोजित किया जाएगा। बीपीएचओ के सह संस्थापक व पूर्व राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रमेश टांक ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह श्रीपतिधाम नंदनवन के संस्थापक संत गोविंद वल्लभदास का सान्निध्य रहेगा।

# सरकंडे से बना मैटिरियल करेगा इंडसट्रियल वाटर को साफ

## सीबीएलयू ने जल शोध प्रोधोगिकी में विशेष पेटेंट प्राप्त किया , प्रो. सुरेंद्र कौशिक व उनकी स्टूडेंट अरूणा के नाम पेटेंट प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय ने एक नया पेटेंट अपने नाम पंजीकृत करवाकर इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी की दिशा में कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। यह नई उपलब्धि विश्वविद्यालय के कैमिस्ट्री विभाग के प्रो. सुरेंद्र कौशिक व उनकी पीएचडी की छात्रा रही डॉ. अरूणा ने अपने नाम की है। आपको बता दें कि प्रो. सुरेंद्र कौशिक एवं उनकी रिसर्च टीम ने लैब में सरकंडे की लकड़ी से एक ऐसा मैटिरियल तैयार किया था जो उद्योगों में डाई के कारण खराब हुए पानी को साफ करने में पूर्णतया सक्षम साबित हुआ था। अक्टूबर 2022 में इस रिसर्च के पेटेंट के लिए पेटेंट कार्यालय भारत सरकार को पंजीकृत करने के लिए आवेदन किया गया था। जिसके बाद सभी परीक्षणों में खरा उतरने के बाद इस रिसर्च के लिए भारत सरकार द्वारा 6 मई 2024 पेटेंट प्रमाण पत्र जारी किया गया जोकि 20 अक्टूबर 2022 से बीस साल की अवधि के लिए अनुदत्त किया गया।



भिवानी। पेंटेट प्रमाण मिलने पर सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### 'क्या होता है सरकंडा'

सरकंडा एक उष्णकटिबंधीय बारहमासीय प्राकृतिक पौधा है जो अपने आप उगता है और यह मुख्य रूप से मरुस्थलीय क्षेत्र में पाया जाता है जिसकी लंबाई छह फीट तक होती है। इसमें चिकनी बनावट वाली लंबी, संकरी पत्तियां होती हैं। फूल छोटे होते हैं और हरे.सफेद रंग के होते हैं, जो स्पाइक्स पर बढ़ते हैं और ये 20 इंच तक लंबे हो सकते हैं। सरकंडा के पौधों को सवारे्त्तम विकास के लिए पूर्ण सूर्य की आवश्यकता होती है। इसका प्रयोग मूंज की रस्सी बनाने में एवं प्राचीन समय से ही लिखने के लिए कलम बनाने में किया जाता था। इस बड़ी उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी,कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह, डायरेक्टर रिसर्च प्रो. संजीव कुमार,डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. डीके मदान ने प्रो. एस के कौशिक और उनकी रिसर्च टीम को बधाई दी है।

### 'विश्वविद्यालय की लैब में है प्रैक्टिकल प्रारूप'

यूनिवर्सिटी की कैमिस्ट्री लैब में इस खोज का एक प्रारूप बनाया गया है जिसके आधार पर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के खराब पानी को सरकंडे से बने पदार्थ की मदद से साफ करके दिखाया जाता है। आपको बता दें कि विवि की इस लैब में राज्यपाल, तत्कालीन कृषि मंत्री, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कई कुलपति और बाहर से आए वैज्ञानिक विजिट कर चुके हैं। प्रो. कौशिक ने बताया कि उनकी लैब में विद्यार्थियों को नई नई खोज करने के लिए प्रेरित किया जाता है एवं उनकी हर संभव मदद की जाती है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने बताया कि विश्वविद्यालय शिक्षा एवं अनुसंधान की दिशा में निरंतर नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा एवं अनुसंधान के माध्यम से स्थानीय समस्याओं का हल निकालना।

## विभिन्न संगठनों ने शहीद सुखदेव सिंह को किया नमन

# शहीद सुखदेव के साहसिक योगदान से मजबूत हुआ स्वतंत्रता संग्राम : सैनी

शहीद सुखदेव भगत सिंह और राजगुरु के साथ शहीद हुए थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा वीर स्वतंत्रता सेनानी शहीद सुखदेव सिंह की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्षद विनोद प्रजापति, पर्यावरण प्रेमी जेई बिजेश जावला, संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व कबीर सेवा सहयोग संस्था के प्रधान विपिन ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शहीद सुखदेव एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे, जो भगत सिंह व राजगुरु के साथ शहीद हुए थे।

उन्होंने बताया कि सुखदेव सिंह का जन्म 15 मई 1907 को पंजाब के जालंधर जिले के नांगल तालाब गांव में हुआ था। उन्होंने बताया कि सुखदेव की जोड़ी भगत सिंह के साथ बहुत मशहूर है। दोनों ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि शहीद सुखदेव सिंह, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उनका जन्म 15 मई 1907 को हुआ था। उन्होंने भगत सिंह व राजगुरु के साथ मिलकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना की, जो ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन की नींव थी। इस अवसर पर देवेंद्र ग्रोवर,चंदन बर्मन, बृजभान यादव, रामप्रसाद राठौर, लाला सैनी, सुभाष सोनी, दिनेश राजोरा, महासिंह, रणधीर फौजी, विनय, महेश, कृष जावला, भूपेंद्र, नरेंद्र गुर्जर आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद सुखेदव सिंह को श्रद्घांजलि देते गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

### सुखदेव सिंह को इंगलैड में दंगे भड़काने के आरोप में किया था काबू

*उन्होंने बताया कि सुखदेव ने भगतसिंह व राजगुरु के साथ मिलकर लाहौर के संगठन में अहम भूमिका निभाई थी, जहां उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। उन्होंने हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के साथ जुड़कर ब्रिटिश सरकार के खिलाफ सैनिक क्रियाओं में भाग लिया और आजादी के लिए संघर्ष किया। उन्हें इंग्लैंड में दंगे भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया और फैसलाबाद में फांसी की सजा दी। उनकी शहादत का संदेश और उनके साहसिक योगदान ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को मजबूती एवं प्रेरणा दी, उनकी शहादत की तारीख 23 मार्च 1931 है।*



भिवानी। शहीद सुखदेव सिंह को नमन करते शहीद भगतसिंह ब्रिगेड के सदस्य।

### शहीद भगत सिंह ब्रिगेड ने शहीद सुखदेव सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**भिवानी।** आपने बहुत से क्रन्तिकारी और देशभक्त का नाम सुना होगा और ऐसे स्वतंत्रता सेनानी का नाम सुना होगा, जिसने अपना जीवन देश की सेवा में लगाया। भारत को आजाद कराने के लिए अनेक भारतीय देशभक्तों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन अमर बलिदानियों में से एक क्रांतिवीर सुखदेव का 15 मई को जन्मदिवस है, ऐसे अमर शहीद सुखदेव की जयंती पर आज उन्हें देश याद कर रहा है। शहीद भगत सिंह ब्रिगेड ने अमर शहीद सुखदेव की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। शहीद सुखदेव सिंह स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान का स्मरण किया। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के सदस्य रीतिक वधवा एवं प्रभारी सुनील चौहान ने कहा कि मां भारती की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी सुखदेव सिंह की जयंती पर नमन किया। अमर शहीद सुखदेव ने मातृभूमि की आजादी के लिए अल्पायु में ही जिस साहस, समर्पण व देशप्रेम का परिचय दिया, वह विश्व के इतिहास में अद्वितीय है। ब्रिटिश हुकूमत को उखाड़ फेंकने में भगत सिंह व राजगुरु के साथ सुखदेव सिंह का योगदान युवा पीढ़ी को सदैव राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस मौके पर रमेश चौधरी, कुलदीप दलाल, अमित आचार्य, संदीप, विनोद,नवीन शर्मा, गुलशन व जोगेन्द्र आदि ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।



भिवानी। मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

# नि:शुल्क शिविर में 51 मरीजों की आंखों का आपरेशन किया

## मैत्री संघ ने लगाया 14वां कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जरूरतमंदों की सेवा के महायज्ञ को सुचारू रखते हुए भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा हर माह के तीसरे बुधवार को लगाए जाने वाले आंखों की जांच व मोतियाबिंद निःशुल्क ऑपरेशन एवं कैंसर स्क्रीनिंग कैंप की कड़ी में 14वें कैंप का आयोजन दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में किया। कैंप का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय कवि व भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन के मार्गदर्शन में स्वर्गीय लाला रामचंद्र जैन की स्मृति में लगाया।
कैंप में रूपाचंपा जैन परिवार से संजय जैन, अजय जैन, अभय जैन, सुमन जैन, रेनू जैन, ममता जैन, ललिता जैन, एमसी गुप्ता, संजय गुप्ता, कमल गोयल, मीनाक्षी गर्ग, विजय जैन, सुशील कौशिक, देवेंद्र जैन, जगत नारायण भारद्वाज ने सेवा दी। संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन ने बताया कि कैंप में 300 मरीजों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर टोकन वितरित किए, जिसमें 51 मरीजों का निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन के लिए चयन तथा चार कैंसर मरीजों को इलाज के लिए चयनित किया। कैंप में इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सैंटर गुरूग्राम व राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सैंटर दिल्ली के चिकित्सकों ने सेवाएं दी।

### जागरूक बनें

*आमजन को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक होना होगा उन्होंने कहा कि आमजन को अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक होना होगा, चाहे नेत्र से संबंधित बीमारियां हो या फिर कैंसर से संबंधित। उन्होंने कहा कि यदि किसी बीमरी की समय पर जांच करवा ली जाए तो उस बीमारी से पूर्ण रूप से छुटकारा पाया जा सकता है। ऐसे में इस प्रकार के शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाना चाहिए।*

# जरूरतमंद छात्रों को बांटी स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पंजाबी जागृति मंच द्वारा राजकीय प्राथमिक स्कूल बापोड़ा में 120 बच्चों को स्टेशनरी वितरित की, जिसमें प्रत्येक बच्चे को छह कॉपी, पेंसिल, रबड़, शार्पनर वितरित किया। मंच के प्रधान दर्शन कुमार मिड्ढा ने कहा कि आज स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित की है।

मंच समय-समय पर सामाजिक कार्यों में भाग लेता है, पंजाबी जागृति मंच द्वारा जरूरतमंद कन्याओं की शादी में सहयोग करता रहता है तथा समय-समय पर पौधरोपण व मेडिकल कैंपों का आयोजन करता रहता है। पंजाबी जागृति मंच द्वारा रिश्तों की निःशुल्क सेवा कृष्णा कॉलोनी में दी जा रही है। इस अवसर पर राजकीय वमा विद्यालय के प्राचार्य विनोद सोलंकी ने स्टेशनरी वितरण करने के लिए मंच का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी विनोद गाबा, विजय कथूरिया, ओमप्रकाश सुखीजा, मदन कामरा, ओमप्रकाश दुरेजा, अध्यापक आशा दुरेजा, शम्मी, अन्जु, सुमन, दीपेन्द्र, मनीषा, सन्तोष व रोशनी आदि मौजूद थे।




भिवानी। जरूरतमंद छात्रों को स्टेशनरी वितरित करते पंजाबी जागृति मंच पदाधिकारी।

# स्वीप अभियान के साथ सेल्फी पाइंट भी मतदाताओं को कर रहे हैं आकर्षित

- मतदान के लिए मतदाताओं को किय जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लोकसभा आम चुनाव 25 मई मतदान वाले दिन अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूक अभियान चलाए जा रहे हैं। इनमें स्वीप अभियान के साथ.साथ मतदाताओं को वोट डालने के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए हर जिले में जिला चुनाव आइकॉन बनाए गए है और उनके कटआउट के साथ सेल्फी पॉइंट बनाए गए है। जहां पर अभी से युवा सेल्फी लेकर अपने अभिभावकों को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहें है। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सेल्फी स्टैंड रखे गए हैं और अलग.अलग जगहों पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अलग.अलग माध्यमों का प्रयोग किया जा रहा है। लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप की तमाम गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन स्वीप गतिविधियों के साथ स्कूल.कॉलेजों के युवाओं को साथ जोड़ा जा रहा है। इन युवाओं द्वारा अपने.अपने कॉलेजों और स्कूलों के मंच पर नुक्कड़.नाटक और अन्य गतिविधियों में भाग लेकर मतदाताओं को 25 मई के दिन वोट डालने के लिए जागरूक किया।

# गंभीरता से प्रशिक्षण लें: डीएसपी

- निर्भय होकर सम्पन्न करवाएं मतदान प्रक्रिया : डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा है कि पीठासीन अधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया की अहम कड़ी हैं। मतदान की निष्पक्षता और पारदर्शिता इन पर ही टिकी है। पीठासीन अधिकारी व उनकी टीम पूरे मनोयोग और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण को ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि अपने मतदान केंद्र पर स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करना पीठासीन अधिकारी सहित पूरी पोलिंग पार्टी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। चौ. बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों को दूसरे दिन भी प्रशिक्षण दिया गया। अब 24 मई को पोलिंग पार्टीयों को चुनाव सामग्री वितरित कर मतदान केंद्रों पर भेजा जाएगा। सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार दलाल ने कहा कि आपका अनुभव आप का सबसे बड़ा प्रशिक्षण है। पूर्व अनुभवों की शेयरिंग करें किसी भी शंका या जिज्ञासा को व्यक्त कर उसका समाधान अपने साथ लेकर जाएं और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मॉक पोल के बाद क्लियर बटन दबाना और मतदान होने पर क्लोज बटन दबाना नहीं भूलें। इसके अलावा निर्वाचन आयोग के निर्देशों की हर हाल में पालना करें।

डीएसपी आर्यन चौधरी ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के प्रति प्रशासन कटिबद्ध है। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।



### बांदरां नै आतंक मचा राख्या स, कोई, सुनणियां कोनी, आंधे की माक्खी राम उडावैः पारासर

# कस्बे में बंदरों का आतंक तो बेसहारा पशुओं ने बिगाड़ दिया है माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

शांतिप्रिय दादू नगरी आज बंदरों के आतंक से आतंकित है तो दूसरी और बेसहारा कहे या आवारा इन पशुओं से भयभती हो चुकी है। इन सबके कारण कस्बा का माहौल बिगड़ चुका है। जिसकी तरफ ने प्रशासन ध्यान दे रहा है न सामाजिक संगठन सामने आ रहे हैं। जिसके कारण कस्बा वासी अपने आपको ठगा सा महसूस करते हैं।

### विभाग को लेना चाहिए संज्ञान

समाजसेवी एडवोकेट संजय महता ने



बताया कि कस्बा में बंदरों के आतंक व पशुओं के कारण हो रहीं परेशानी को देखते हुए विभाग व संबंधित को संज्ञान लेकर इसे छुटकारा दिलवाया चाहिए। वहीं उन्होंने कस्बा में पानी सीवरेज, बिजली, रोड़ समस्या के भी समाधान करवाने की बात कही ताकि लोगों को किस प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

### औरतों व बुजुर्गो को मुसीबत का सामना करना पड़ता है



वरिष्ठ नागरिक हनुमान पारासर ने बताया कि बांदरां नै आतंक मचवा रौख्या सै, को, बी सुनणियां कोनी, आंधे की माक्खी राम उड़ावे आड़ी बात हो री सै। उनहोंने बताया कि सुबह सुबह औरतें, बच्चे बुजुर्ग महिलाएं घूमनें जाते हैं उस टाइम बहुत से गाड़ियों वाले आते हैं अपनी गाड़ी रोकते हैं और बंदरों को केले हाथों में देते हैं ये बंदर जो रोड़ पर एक झुंड बनाकर इधर.उधर बैठे रहते हैं और हर आने जाने वाले औरतों को या बूढ़े बुजुर्गों को एक मुसीबत का सामना करना पड़ता है।

### लोग रोज मौत से सामना करने को मजबूर



समाजसेवी मनीष शंकर ने बताया कि अब पशुओं का आवारा कहें या बेसहारा ये सोच पर निर्भर है। लेकिन इन पशुओं के कारण कस्बावासियों का जीना दूभर हो चुका है। शहीद गुलाब सिंह पार्क, बाबा कमाल मंदिर, नागरिक अस्पताल आदि अनेक स्थानों पर इन पशुओं का आतंक मचा हुआ है। कुछ डिवाइडर व इस पर लगी ग्रील ने रोड का नक्शा बदल दिया बचा हुआ काम इन पशुओं ने कर दिया जिससे राहगीरों को चलने में भी पसीने आते हैं और जान हथेली पर लेकर यहां से गुजरते हैं।

## मनपसंद, योग्य व सक्षम उम्मीदवार चुनने का अधिकार देती मतदान प्रक्रियाः गौड़

### 15 दिवसीय जागरूकता पखवाड़े को लेकर कल निकाली जाएगी जागरूकता रैली

# चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप चौराहों बाजारों में बताएगा मतदान का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

प्रत्येक मदातान को मतदान का महत्व बताने तथा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल तथा जिला शिक्षा अधिकारी नरेश मेहता के निर्देशानुसार चंद्रशेखर आजाद ओपन गुरप द हरियाणा राज्य भारत स्काऊटस एंड गाईड्स द्वारा 15 दिवसीय जागरूकता पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसके तहत 6 से 21 मई तक जागरूकता कार्यक्रमों से नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करेंगा। इसी कड़ी में ओपन गुरप के रोवर्स व रेंजर्स द्वारा 17 मई को शहर में जागरूकता रैली निकाली जाएगी, जिसे एडीसी हर्षित कुमार एवं डीईओ नरेश महता सुबह 9 बजे उपायुक्त कार्यालय से रवाना होंगे। जागरूकता रैली में करीबन 70 रोवर्स व रेंजर्स भाग लेंगे। ये बात ग्रूप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ ने सेवा नगर स्थित चंद्रशेखर आजाद ओपन गुरप कार्यालय में रोवर्स व रेंजर्स की मीटिंग के दौरान कही। मीटिंग की अध्यक्षता गुरप लीडर सागर ने की। गौड़ ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को लोकतंत्र की ताकत से रूबरू करवाया।



भिवानी। जागरुकता रैली को लेकर बैठक में चर्चा करते गुरप कोर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़। फोटो :हरिभूमि

### जागरूकता रैली का रूट चार्ट बनाया

*रैली का रूट चार्ट बताते हुए जागरूकता रैली कमेटी के सहआयोजक अमित, मनोज, नवीन एवं सीनियर रोवर नितेश ने कहा कि ये जागरूकता उपायुक्त कार्यालय से शुरू होकर रैडक्रॉस, महम गेट, रोहतक गेट, दादरी गेट, हनुमान ढ़ाणी चौक, हालुवास गेट, जोगी वाला मंदिर चौक, वैश्य स्कूल चौक, सराय चौपटा, किरोड़ीमल मंदिर, बर्तन बाजार, घंटाघर, वैश्य कॉलेज, ग्वार फैक्ट्री के पीछे सेवा नगर स्थित चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप राज्य भारतीय स्काउट गाइड कार्यालय पर संपन्न होगी।*

मीटिंग के दौरान महावीर जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल की प्राचार्या व गाइड कैप्टन पुष्पा देवी, एसएसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल से स्काऊट मास्टर महेश कुमार, गाइड कैप्टन शिवानी जांगड़ा, बीएस इंटरनेशनल स्कूल सांगा से स्काऊट मास्टर नितिन कुमार ने रैली के बारे में विस्तारपूर्वक समझा।

## खबर संक्षेप



भिवानी। सौ प्रतिशत मतदान करने का आहवान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने 100 फीसदी मतदान का दिया संदेश

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में विवेकानंद हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने बाजी मारी और इस दौरान विद्यालय के 32 से विद्यार्थियों में से 21 विद्यार्थियों को मेरिट तथा विद्यालय की छात्रा सलोनी टॉप मेरिट पर रही है।वही तीन विद्यार्थियों ने इतिहास से के विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिसको लेकर विद्यार्थियों ने इस खुशी को गुरुजनों के साथ मिठाई खिला कर जाहिर किया।

### बड़सी किसान धरने को मिला किसान सभा का समर्थन

**बवानीखेड़ा।** अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी ने बड़सी गांव में धरनारत किसानों के बीच जाकर उनकी न्यायोचित मांगों का समर्थन किया है। किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल के नेतृत्व में किसान सभा का प्रतिनिधि मण्डल बड़सी गांव में किसान धरने पर पहुंचा तथा विस्तार से उनकी समस्याएं सुनी। धरने को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि नैशनल हाईवे अथॉरिटी को ग्रामीणों की समस्याओं समझते हुए पुल की उंचाई 5 मीटर करनी होगी तथा इन्ट्री व अगजिट बिंदू छोड़ने होंगे एवं रोड के नीचे से सिंचाई व्यवस्था का प्रावधान करना होग।

### स्वीप टीम ने मतदान के प्रति किया जागरूक

**चरखी दादरी।** जिला बार एसोसिएशन दादरी में स्वीप टीम द्वारा पहुंचकर 25 मई को मतदान के लिए निमंत्रण पत्र देकर मतदान की अपील की। जिला बार एसोसिएशन प्रधान एडवोकेट नसीब राणा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में टीम ने वकीलों को हरियाणा चुनाव आयोग द्वारा मतदान के लिए निमंत्रण पत्र दिए ।

## लोहारू विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों का दूसरे चरण का प्रशिक्षण संपन्न

# प्रशासन की ओर दिए वाहन में ईवीएम के साथ जाएंगी पोलिंग पार्टियां: अमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

- पोलिंग पार्टियों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया।

लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर राजकीय कन्या महाविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में बुधवार को लोहारू विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान बूथ पर नियुक्त पोलिंग पार्टी एक टीम के रूप में काम करेगी। चुनाव के एक-एक बिंदु को अच्छी तरह से समझ लें। ताकि बाद में कोई परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि सामान की सूची के साथ ईवीएम मशीन और वीवीपैट के नंबर का बूथ से मिलान अवश्य कर लें।

उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी ईवीएम व अन्य सामग्री लेने के पश्चात प्रशासन की ओर से दिए गए वाहन में बूथ पर जाएंगी। अपने निजी वाहन का प्रयोग ना करें। रिहर्सल के मास्टर ट्रेनर एसई पीओ दीपक शर्मा, रविंद्र डीपी, तहसीलदार ने पोलिंग पार्टियों को ईवीएम की कार्यप्रणाली, टेंडर वोट, चैलेंज वोट आदि के बारे में भी बताया। सभागार में चुनाव अधिकारियों को वीवीपैट तथा ईवीएम मशीन के बारे में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया।



लोहारू। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम की जानकारी हासिल करती चुनाव से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी।

### चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी ईवीएम का बेहतर प्रशिक्षण लें

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी ईवीएम का बेहतर प्रशिक्षण लें ताकि चुनाव के दिन उन्हें मतदान के सुचारू संचालन में कोई कठिनाई न आए। प्रशिक्षण में तहसीलदार विक्रम सिंगला, नायब तहसीलदार संजय शर्मा व गौरव, नपा सचिव तेजपाल तंवर व सुनील कुमार, एसईपीओ दीपक शर्मा, कानूनगो अनिल कुमार मेचु, जगबीर सिंह, रविंद्र डीपी, वीरेंद्र, जयपाल वर्मा सहित चुनाव से जुड़े अनेक अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए उपस्थित कर्मचारियों को फार्म 12 और फार्म 12ए बांटे गए। एसडीएम ने कहा कि चुनाव के सफल आयोजन में पीठासीन अधिकारी व पोलिंग पार्टी के अन्य कर्मचारियों का अहम योगदान होता है, साथ ही निष्पक्ष चुनाव करवाना पोलिंग पार्टी की नैतिक जिम्मेदारी होती है।



## लगातार बढ़ रहा कांग्रेस का कुनबा : रावदान सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

- लगातार बढ़ता जा रहा है कांग्रेस का कुनबा, जनता बना चुकी है सरकार बदलने का मन : राव दानसिंह

देश में अब मोदी मैजिक पूरी तरह से समाप्त हो चुका हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का मैजिक चलेगा। इस बार के चुनाव में इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत हासिल कर अपनी सरकार बनाएंगी। उक्त विचार इंडिया गठबंधन के महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा के प्रत्याशी राव दानसिंह ने दादारी विधानसभा क्षेत्र के गांव मोरवाल, बिगोवा, ईमलोटा, सरूपगढ़, सांतोर, नीमली, कन्हेटी, भागवी, भैरवी, मानकावास, पाण्डवान, बिरही खुर्द, बिरही कलां, तिवाला, बरसाना, छपार, रासीवास, डोहकी, अखत्यारपुर, पैंतावास कलां, पैंतावास खुर्द, फतेहगढ़, साहूवास, घिकाड़ा आदि गांवों के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहीं। गांव पहुंचने पर राव दानसिंह का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। राव दानसिंह ने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग को ठगने का काम किया है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में युवाओं, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों हर किसी को परेशान करने का काम किया। उन्होंने कहा कि आए दिन कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है और यह आने वाले दिनों में और अधिक लोग जुड़ेंगे। इस बार चुनाव जीतने पर संविधान बदलाव करेंगे।

## भाजपा ने व्यवस्था और पुराना सिस्टम बदला : धर्मबीर

- चौ. धर्मबीर सिंह ने विभिन्न गांवों का दौरा कर राष्ट्रहित के लिए की भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़/भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह ने कहा कि भाजपा व्यवस्था व पुराना सिस्टम बदलने का काम किया जिसका फायदा आमजन को मिला। नई व्यवस्था में हरियाणा में योग्य युवाओं को बिना पर्ची व बिना खर्ची के रोजगार मिला। तबादलों का सिस्टम बदला गया जिससे आज प्रदेश के 95 प्रतिशत अध्यापक अपनी नियुक्ति स्थल को लेकर खुश हैं। भाजपा सरकार ने रेगिस्तानी इलाके में नहरों के अंतिम तेल तक पानी पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान के साथ.साथ सभी वर्गों की भलाई के लिए नीतियां लागू की है। धर्मबीर सिंह बुधवार को महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव बवाना, मालड़ा, मालड़ा बास, लावन, माजरा कलां, झुक, सिगड़ी राजपूत, नांगल हरनाथ, गागड़वास और बचीनी, बवानिया, मुड़ायन, सूरजनबास खेड़ा, चितलांग, देवास, भलासी, डुलाना, मेघनवास, बुचौली, कुराहवटा, मांडोला, जेरपुरा, उध्मापुर, राजावाास, बलाना, ढाढोत, सोहला, बोहरा की ढाणी, बुडिन, बलायचा, निम्मेडा, खातोदड़ा, खातोद, खायरा, मोहल्ला महायचान महेंद्रगढ़, सैनीपुरा महेंद्रगढ़ आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान एवं जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में एक तरफा लहर हैक्योंकि देश की जनता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री देखना चाहती है इससे साफ जाहिर होता है कि प्रदेश की सभी 10 की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ में आयोजित स्वागत सम्मान कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण स्टाफ सदस्यों ने धर्मबीर सिंह का पूर्ण समर्थन एवं विजय रूपी आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बिरेंद्र यादव, पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा के छोटे भाई राजेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सतबीर सिंह, विवेक यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष कंवर सिंह यादव, यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राव पायलेट, कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विद्यानंद लांबा, मीडिया प्रमुख सोनू सैनी, पूर्व अध्यक्ष कंवर सिंह, जिला पार्षद बचनाई नाथ, जिला पार्षद देवेंद्र यादव, नरेश मोखरवाल,आनंद तवंर आदि मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। जनसभा को संबोधित करते भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह।

## 97.2 फीसदी अंक लेकर तमन्ना टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गुजरानी मोड पर स्थित आदर्श साइंस एकेडमी (आदर्श विद्या मंदिर) का बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। अकादमी ने बोर्ड परीक्षा में भी एक नया कीर्तिमान रचा। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय में जश्न का माहौल रहा। कक्षा 12वीं में नॉन मेडिकल से तमन्ना 97.2, मोहित 93.8, चौधरी विश्वजीत 92.2, शुभम यादव 90.4, सिद्धार्थ 90.2, लक्ष्य कुमार 90 प्रतिशत और मेडिकल से आशिमा 94.6प्रतिशत साक्षी श्योराण 94.4 प्रतिशत मेघा 91.8 प्रतिशत दिव्या 91.4 प्रतिशत आरती 90.4प्रतिशत लेकर आदर्श विद्या मंदिर का नाम रोशन किया।

40 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट में रहे। कक्षा दसवीं में शिवम 97.8प्रतिशत हिमांशु 97. 4प्रतिशत करुणा 96.2प्रतिशत वर्षा 96.2प्रतिशत स्नेहा 95.2 प्रतिशत तोशिका कुमारी 95.2प्रतिशत हर्षित सांगवान 95प्रतिशत राहुल 95प्रतिशत ,महावीर सिंह 94.6, भावना 94.2, मंशा राठी 94.2, सिमरन 93प्रतिशत कल्याणी 92.2प्रतिशत कृतिका 91प्रतिशत अक्षत सिंह 91प्रतिशत भूमिका 90.8 प्रतिशत कुमकुम 90.8 प्रतिशत नक्षत्र 90प्रतिशत 8प्रतिशत अनसूया 90.2प्रतिशत हर्षिता 90.2प्रतिशत भावी अहलावत 90प्रतिशत अंक प्राप्त करके तथा 47 छात्रों ने 80प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने माता.पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के लिए स्कूल प्रबंधक शमशेर सिंह , सत्येंद्र सिंह ने विद्यालय के प्राचार्य व अपने अध्यापकों के उचित मार्गदर्शन तथा बच्चों की कड़ी मेहनत और अभी भावको के सहयोग की सराहना की । आदर्श साइंस एकेडमी आदर्श विद्या मंदिर एक ऐसा मंच है जहां पर हर बच्चे की प्रतिभा को तराश कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का काम अभिभावकों के विश्वास के अनुरूप किया जा रहा है।



भिवानी। परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मेधावी शिक्षकों के साथ।

## आरईडी विद्यालय के छात्रों का शानदार परीक्षा परिणाम

**चरखी दादरी।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा दसवीं व बारहवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में आरईडी विद्यालय के छात्रों ने शानदार परिणाम देते हुए अपनी सफलता का परचम लहराया। बारहवीं कक्षा के परिणाम में झज्जर विद्यालय की पायल ने 98.4 प्रतिशत अंक के साथ साइंस मेडिकल संकाय व छुछकवास विद्यालय की वाहिनी ने 97.6 प्रतिशत अंक के साथ वाणिज्य संकाय में न केवल स्कूल, बल्कि जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त किए। झज्जर विद्यालय के छात्र आधार ने 98.2 प्रतिशत अंक लेकर जिले में दूसरा स्थान व निशू ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में छुछकवास शाखा से अंशिका 95.6 प्रतिशत अंकों के साइंस नॉन मेडिकल संकाय मे प्रथम, नेहा 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा आसिमा, मुस्कान व उज्जवल 94.2 अंकों के साथ तृतीया स्थान पर रही। वाहिनी 97.6 प्रतिशत अंकों के साथ कॉमर्स संकाय में प्रथम सौम्या 96 प्रतिशत के साथ द्वितीय व तुषार 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। हिमानी 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ कला संकाय में प्रथम, हर्षिता तथा प्राची 94.4 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। सत्र 2023-24 में कुल 275 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

## यातायात सुविधा के लिए छात्रों को देना होगा एफिडेविट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- शिक्षा विभाग ने स्कूल मुखियाओं से यातायात सुविधा दिलाए जाने को लेकर एफिडेविट मांगा

अब शिक्षा विभाग ने दूर दराज के इलाके से आने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क परिवनहन सुरक्षा योजना को जांचने का नया फार्मूला निकाला है। शिक्षा विभाग ने स्कूल मुखियाओं से बच्चों को यातायात सुविधा दिलाए जाने को लेकर एफिडेविट मांगा है।

एफिडेविट के जरिए यह ब्यौरा मांगा है कि स्कूल में बाहर से कितने विद्यार्थी पढ़ाई के लिए आते है और उनके आने के लिए किस तरह के वाहनों की व्यवस्था की हुई है। इन वाहनों में कितने विद्यार्थी रोजाना आवागमन करते है। इस बारे में शिक्षा विभाग ने 16 मई तक मुख्यालय पर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए है। शिक्षा विभाग के निदेशक ने भेजे निर्देशों में कहा है कि स्कूल ने किस तरह का वाहन बच्चों को लाने व ले जाने के लिए लगाया हुआ है। उसकी स्थिति कैसी है। उनके कागजातों की जांच करते हुए उक्त मामले को लेकर 16 मई तक मुख्यालय पर रिपोर्ट भेजे। साथ ही एक एफिडेविट देकर बताया जाए कि उक्त वाहन मालिक को प्रत्येक माह हर बच्चे के हिसाब से कितना किराया दिया जा रहा है। इस मामले में किसी तरह की कोई ढिलाई व कोताही नहीं होनी चाहिए।अगर किसी ने ढिलाई व कोताही बरती तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यहां यह बताते चले कि विगत में शिक्षा विभाग ने दो किलोमीटर की दूरी से ज्यादा आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल में लाने व ले जाने के लिए यातायात की व्यवस्था की जाने के निर्देश दिए थे। ताकि दूर दराज से आने वाले बच्चों को स्कूल में पहुचने में कोई परेशानी न हो पाए। निर्देशों के बावजूद कितने स्कूल मुखियाओं ने यातायात की व्यवस्था करके बच्चों को लाने व ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की है। उक्त रिपोर्ट तत्काल भेजे जाने के आदेश दिए है।



चरखी दादरी। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## दसवीं कक्षा की आरती ने विद्यालय में प्रथम व जिले में पाया द्वितीय स्थान

- ग्रीन मिडोज स्कूल के होनहार बच्चों को किया सम्मानित

**चरखी दादरी।** गांव चरखी स्थित ग्रीन मिडोज वमा विद्यालय परिसर मे प्राचार्य सुरेश कुमार व स्टाफ द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय सहित मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाले बच्चों को नकद राशि व प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। दसवीं कक्षा की आरती ने विद्यालय में प्रथम व पूरे जिले में द्वितीय स्थान पाया है। इसी कड़ी में स्कूल में मोहिनी व रीतू दूसरे व तीसरे पायदान पर रही। वहीं बारहवीं के विज्ञान संकाय में तनिषा, दृष्टि व रीना पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। कलां संकाय में अमित, रीतिका व जतिन प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। प्राचार्य सहित स्टाफ ने सफलता पाने वाले सभी बच्चों को हमेशा प्रगति के पथ पर बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रबंधन समिति कोषाध्यक्ष योगेंद्र सांगवान, अरविंद सांगवान, मुकेश, नरेश, विकास, राजू सिंह, रविंद्र, रमन, रणजीत, बबीता पूनिया, उषा, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स ने सौंपा निदेशक के नाम ज्ञापन

**चरखी दादरी।** आंगनबाड़ी वर्कर्स ने अपनी लंबित मांगों को लेकर महिला एवं बाल विभाग के निदेशक के नाम चरखी दादरी में जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौपा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से शीघ्र उनकी मांगों को पूरा करवाने की मांग की है। यूनियन की जिला सचिव अनिल श्योराण ने बुधवार को बताया कि आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उसी चलते वर्कर्स और हेल्पर्स ने विभाग के निदेशक को मांगपत्र भेजा है।

## राजकीय मॉडल संस्कृति का परिणाम शानदार रहा

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में बाजी मारकर विद्यालय का नाम रोशन करने का कार्य किया। विद्यालय प्रांगण में कक्षा 10वीं व 12वीं के सीबीएसई बोर्ड रिजल्ट में अव्वल स्थान प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्राचार्य श्रीमती संतोष भाकर व विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील शर्मा, गरिमा, सोनू देवी, नवीन परमहंस, सुनील कुमार, एसएमसी सदस्य आदि ने शिरकत की। प्राचार्या संतोष भाकर ने परीक्षा में बाजी मारने पर छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि कक्षा 12वीं का स्कूल रिजल्ट 78 प्रतिशत रहा वहीं कक्षा दसवीं का 88 प्रतिशत रिजल्ट रहा। दसवीं के प्रिंस ने 95 प्रतिशत अंक लेकर जिले भर स्कूल गांव का नाम रोशन किया है।



बवानीखेड़ा। अव्वल आने पर विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## गरीब विद्यार्थियों का बोर्ड फॉर्म की त्रुटि सुधारने का जुर्माना/फीस लेना बंद करने की मांग

# हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफिसर्स एसो. ने सौंपा ज्ञापन

- 11वीं से 12वीं कक्षा में विषय बदलने की फीस व एनरोलमेंट त्रुटि फीस बंद की जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राज्य उपप्रधान भगतसिंह कोठारी की अगुवाई में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. डीपी यादव से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमंडल सदस्य भगत सिंह कोठारी, प्राचार्य रविंद्र वैद्य, प्राचार्य पवन शास्त्री आदि ने अध्यक्ष को सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले गरीब विद्यार्थियों की सर्टिफिकेट से संबंधित त्रुटि फीस, नौवीं तथा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के अंक अपलोड करने में देरी पर जुर्माना फीस तथा 11वीं से 12वीं कक्षा में विषय बदलने की फीस, एनरोलमेंट से संबंधित त्रुटि फीस, बोर्ड फॉर्म की त्रुटि सुधारने आदि में लगने वाला जुमार्ना /फीस लेना बंद किया जाए, ताकि गरीब बच्चों पर अतिरिक्त भार न पड़े। इसके अलावा बोर्ड अध्यक्ष से प्रतिनिधिमंडल ने पांचवी व आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए बोर्ड परीक्षा चालू करने और उनकी रिजल्ट की जिम्मेदारी स्कूल अध्यापकों की लगाने की मांग की, जिससे शिक्षा का बुनियादी ढांचा मजबूत हो सके। प्रतिनिधिमंडल ने चार साल के बच्चे का पहली कक्षा में दाखिला करवाने और बाल वाटिका को मजबूती से संचालन करने की मांग की, जिससे हमारे विद्यार्थियों का बेसिक स्तर मजबूत हो सके। वहीं राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल जो सीबीएसई के अधीन है, जिसको लेकर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मॉडल संस्कृति स्कूलों का परीक्षा परिणाम 20 से 60 प्रतिशत रहा है।



भिवानी। बोर्ड अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपता हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफिसर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

### पीएमश्री स्कूलों को हरियाणा बोर्ड के अधीन रखने की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हरियाणा बोर्ड के स्कूलों का 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम 85 से 100 प्रतिशत तक रहा है, इस अंतर को कम करने के लिए आने वाले समय में हरियाणा के पीएमश्री स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड से न जोड़कर हरियाणा बोर्ड के अधीन रखा जाए। वहीं मॉडल संस्कृति विद्यालयों में विद्यार्थियों की फीस को नाम मात्र करने की मांग की, ताकि विद्यार्थी की संख्या को बढ़ाकर राज्य के सरकारी स्कूलों को बचाया जा सके।

### एसवीएम के छात्रों का परिणाम शत प्रतिशत

**चरखी दादरी।** एसवीएम स्कूल के सभी छात्रों व अभिभावको को बहुत.बहुत बधाई। सीबीएसई में प्रथम वर्ष में ही12वीं और 10 वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्टता प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है। इस सफलता की हार्दिक शुभकामनाएं। हम आप सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय के 12वीं कक्षा के 13 विद्यार्थियों ने 90: से अधिक अंक और 52 विद्यार्थियों ने 80: से अधिक अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार 10वीं कक्षा के 6 विद्यार्थियों ने 90: से अधिक अंक और 26 विद्यार्थियों ने 80: से अधिक अंक प्राप्त किए। निदेशक मुन्ना लाल शर्मा ने 10 वीं और 12 वीं के वार्षिक परीक्षा में सत प्रतिशत परिणाम पर छात्रों शुभकामनाएं दी । विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों ने एकाग्रचित होकर व निरन्तर अभ्यास.अध्ययन से इस परीक्षा में अच्छे परिणाम को हासिल किया है।